उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 1516 दिनांक /Date.: 12.12.2019

(संवाद–18)

चयन संस्तुतियां भेजे जाने के संबंध में

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा विभिन्न लिखित परीक्षाओं के आयोजन के उपरांत चयन संस्तुतियां भेजे जाने का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान तक 02 माह के अंतर्गत आयोग द्वारा नियोक्ता विभागों को भेजी गयी चयन संस्तुतियों का विवरण निम्नवत है :–

क्र.सं.	पद कोड	पदनाम	भेजी गयी संस्तुतिया
1.	38.1	प्रशिक्षण अधिकारी	01
2.	39.1	शोध अधिकारी	01
3.	82.1	डैन्टल हाइजिनिस्ट	05
4.	35.1	इलैक्ट्रीशियन / मैकेनिक	02
5.	30.4	लिपिक / डाटा एन्ट्री ऑपरेटर	03
6.	7.1	वैयक्तिक सहायक / आशुलिपिक	01
7.	55, 97, 98	तकनीशियन ग्रेड–2	15, 04, 09
8.	114	उद्यान पर्यवेक्षक	130
		कुल भेजी गयी संस्तुतियां	171

कुछ अभ्यर्थियों द्वारा दिनांक 28 अक्टूबर, 2018 को आयोजित कनिष्ठ सहायक / वैयक्तिक सहायक व अन्य समान अर्हता वाले पदों की परीक्षा की चयन संस्तुतियां भेजे जाने के लिए आयोग में सम्पर्क किया जा रहा है। इस परीक्षा के संदर्भ में मा0 उच्च न्यायालय में 03 रिट याचिकायें योजित की गयी है, जिनमें मा0 उच्च न्यायालय द्वारा आशुलेखन परीक्षा को पुनः आयोजित कराने के आदेश दिये गये है। ऐसे में इस परीक्षा की संस्तुति अभी भेजा जाना संभव नहीं है क्योंकि यदि पुनः परीक्षा में अभी चयनित अभ्यर्थी अनर्ह हो जाते है तो वे अन्य पदों को भी प्रभावित करेंगे। इस मामले में आयोग की ओर से विशेष अपील योजित की गयी है। साथ ही अगले चरण के अभिलेख सत्यापन का भी कार्य किया जा रहा है।

चयन संस्तुतियां भेजने का कार्य आयोग द्वारा यथासंभव शीघ्रता से कराया जा रहा है। अतः इस संदर्भ में चयनित अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे इसके लिए अनावश्यक परेशान न हों एवं न ही आयोग कार्यालय में इसके लिए संपर्क करें। आयोग की ओर से समय–समय पर प्रगति संवाद स्तम्भ के माध्यम से दी जायगी।

(संतोष बडोनी)
सचिव।